तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025

12 आर्थिक तंगी से सशक्तिकरण की ओर बढ़ती महिलाएं



12 कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली





## खबर संक्षेप

### महुआ बीन रहे व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** महुआ बीनने की बात को लेकर मारपीट की घटना में कोमाखान थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि देवप्रसाद पांडे पिता सुखचंद पांडे ग्राम पंडरीपानी महुआ बीनने के लिए गया हुआ था, इसी दौरान धनसिंग पांडे पिता सीताराम पांडे पेड़ के पास जाकर गाली गलौज कर महुआ बीनने से मना करने लगा। उसकी बात नहीं मानने पर आरोपी ने सिर पर टंगिया से वार कर दिया, जिससे प्रार्थी देवप्रसाद पांडे गिर गया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### चुनाव में वोट नहीं देने की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** चुनाव में वोट नहीं देने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी गई। पुलिस को भोथा निवासी बुधवारू साहू ने बताया कि 8 मार्च को ग्राम पंचायत भोथा में उप सरपंच का चुनाव संपन्न के बाद वह और टेकसिंग ठाकुर अपने मोटर सायकल से गांव से गुलझर की ओर जा रहे थे। शाम 4 बजे के बीच ग्राम भोथा से गुलझर के बीच पहुंचने पर ग्राम टेंगराही का मोहन पिता ललित साहू ने उपसरपंच चुनाव संबंधी बातों को लेकर धनेश्वर साहू को वोट नहीं दिए हो कहकर गाली गलौज करते हुए अपने जेब में रखे किसी धारदार वस्तु से वार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# पांचवी-आठवीं की परीक्षा 17 से, कल से वितरित होंगे प्रश्नपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

निजी स्कूलों में 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा की बाध्यता हटाए जाने के बाद आगामी 12 मार्च को प्रश्न पत्रों का वितरण शुरु हो जाएगा। जिले में तकरीबन 50 फीसदी ऐसे निजी स्कूल हैं जो केंद्रीकृत परीक्षा के लिए राजी हो गए हैं। वहीं इन निजी स्कूलों में सरस्वती शिशु मंदिर पूरी तरह से केंद्रीकृत परीक्षा के पक्ष में हैं। बता दें कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा का टाइम टेबल जारी किया जा चुका है। 5वीं की परीक्षा 17 से 27 मार्च तक होगी। वहीं, 8वीं कक्षा की परीक्षा 18 मार्च को शुरू होगी और 3 अप्रैल को खत्म होगी।

## जिले में तकरीबन 50 फीसदी ऐसे निजी स्कूल हैं जो केंद्रीकृत परीक्षा के लिए हुए राजी

### प्रश्न पत्रों का वितरण कल से

विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा केंद्रीकृत परीक्षा के लिए बाध्यता हटाए जाने के बाद तत्काल प्रश्न पत्रों की तैयारी शुरु कर दी गई जो आज छप कर यहां पहुंचेंगी। जिसके बाद जिले के सभी बीईओ के माध्यम से संकुल प्राचार्यों तक प्रश्न पत्र पहुंचाए जाने की तैयारी है।




### जिस स्कूल के छात्र वहीं देंगे परीक्षा

जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने बताया कि किसी स्कूल में 5वीं-8वीं के 5 छात्र भी हैं तों उनके लिए कहीं और केंद्र नही बनाए जा रहे हैं। वे उसी शाला में बनाए गए केंद्र में ही परीक्षा देंगे जिससे छात्रों को आवागमन की परेशानियों से दूर रखने का प्रयास किया गया है।

### लिखित और प्रैक्टिकल के इस तरह से मिलेंगे अंक

5वीं कक्षा के प्रत्येक प्रश्नपत्र 50 अंक के होंगे, जिसमें 40 अंक लिखित परीक्षा और 10 अंक प्रायोजना कार्य के होंगे। 8वीं कक्षा के प्रश्नपत्र 100 अंकों के होंगे, जिसमें 80 अंक लिखित परीक्षा के होंगे और 20 अंक प्रायोजना कार्य के होंगे।

शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा की जिमेदारी जिला स्तर के अफसरों को सौंपे जाने के बाद जिले भर के निजी स्कूलों से सहमति लेने की शुरुआत की गई। जिसमें जिले के 50% स्कूल केंद्रीकृत परीक्षा के लिए राजी हैं।

### यह लिखा आदेश में

छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद निजी विद्यालयों को 5वीं और 8वीं केंद्रीकृत परीक्षा से छूट प्रदान कर दी है। इस संबंध में बीते गुरुवार को आदेश जारी कर दिया। जिसके अनुसार, जो निजी स्कूल 5वीं-8वीं केंद्रीकृत परीक्षा में समिलित नहीं होना चाहते हैं, उन स्कूलों में अब केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित नहीं कराई जाएगी।

## कार्रवाई: परीक्षा केंद्र में सामूहिक नकल की वीडियो वायरल होने पर केंद्राध्यक्ष को हटाया

# बड़े साजापाली स्कूल में खुलेआम चल रही नकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़े साजापाली केंद्र क्रमांक 17102 स्कूल कोड 171032 के दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में खुलेआम सामूहिक नकल कराए जाने का खुलासा होने के बाद केंद्राध्यक्ष को हटा दिया गया है।

बताया जा रहा है कि केंद्राध्यक्ष और स्कूल के प्राचार्य उग्रसेन पटेल सहायक केंद्राध्यक्ष द्वारा मिलकर विद्यालय के परीक्षा परिणाम में कमी न हो कर प्रत्येक विषय में सामूहिक नकल कराया जा रहा था। विद्यालय में दो प्रायवेट स्कूल परीक्षा केंद्र शामिल हैं। केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष प्रायवेट स्कूलों के प्राचार्य से मोटी रकम लेकर विद्यार्थियों को उत्तीर्ण कराने के लिए सामूहिक नकल के साथ प्रायवेट स्कूल के बच्चों को अलग से पेपर उपलब्ध कराए जाने की बात सामने आई है। अंग्रेजी विषय के दिन अंग्रेजी के शिक्षक द्वारा बचे हुए प्रश्न पत्र को निकाल कर उसके उत्तर को एक पेपर में लिखने का साफ वीडियो सामने आया है। कक्षाओं में ड्यूटी करने वाले पर्यवेक्षक द्वारा सीधा बोर्ड में उत्तर को लिखाया जा रहा है। उपलब्ध कराए गए पेपर को फाड़ कर किचन के एक डस्टबीन में रखा जाता है। उसके बाद उसे जला दिया जाता है। विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है, लेकिन परीक्षा के समय में कैमरा बंद कर दिया जाता है, जिससे नकल कराने वाली सभी हरकत वीडियो में रिकॉर्ड न हो सके। अंग्रेजी विषय के दिन अंग्रेजी शिक्षक द्वारा अतिरिक्त प्रश्न पत्र को निकाल कर उसके उत्तर को एक पेपर में लिखे जाने का स्पष्ट उल्लेख वायरल वीडियो परिलक्षित होता नजर आ रहा है। गणित विषय के दिन कक्षाओं में ड्यूटी करने वाले पर्यवेक्षक द्वारा सीधे ब्लेक बोर्ड में उत्तर को लिखाया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय लोहारपाली में पदस्थ नीरज कुमार चौहान (एमएससी गणित) बड़े साजापाली हाईस्कूल 10वीं में गणित विषय में अध्यापन का कार्य कर चुका है। भविष्य में होने वाले भौतिकी विषय में नीरज कुमार चौहान की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि, फिर से नकल कराया जा सके। परीक्षा बोध और किताब से निकाले गए पेपर को फाड़ कर किचन के डस्टबीन में डाला जाता है। उसके पश्चात जला दिए जाने खबर सामने आ रही है।

बता दें कि पांच छः वर्ष पहले इस तरह नकल कराये जाने की घटना सामने आई थी, जिस पर शिक्षा विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए तीन वर्ष तक परीक्षा केंद्र शासकीय हायर सेकंडरी खोकसा में संचालित हुआ था। इससे साफ जाहिर होता है कि कहीं न कहीं प्रायवेट स्कूल शारदा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और आदर्श भारती स्कूल की भूमिका संदेह एवं जांच के दायरे में आता है। इस संबंध में पंचानन ठाकुर केन्द्राध्यक्ष से संपर्क करने पर बताया कि नकल चलाए जाने की जानकारी मुझे नहीं है। परीक्षा केंद्र बड़े साजापाली में 08 कमरों में परीक्षाएं संचालित हो रही है। सभी कमरों में एक साथ नहीं रहा जा सकता। अब सवाल उठता है कि आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? बहरहाल, नकल संबंधी विडियो वायरल होने के पश्चात दो प्रायवेट स्कूल शारदा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के किशन कुमार लहरे,दुलेश्वर निषाद, आदर्श विद्या भारती स्कूल के मालती दास, प्रमोद साहू को परीक्षा केंद्र से हटाकर शासकीय स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी परीक्षा केंद्र में लगाई गई है।

### लिया गया बयान

सामूहिक नकल कराए जाने की ख़बर मिलते ही उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार बड़े साजापाली हायर सेकेंडरी स्कूल गया था। केंद्राध्यक्ष सहित दो व्यक्ति का बयान लिया गया है। प्रतिवेदन तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा जाएगा।

**जे आर डहरिया,**
विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बसना

### केंद्राध्यक्ष को हटाया, प्रतिवेदन मंगाया

बड़े साजापाली हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्ष पंचानन ठाकुर को हटा कर सेजेस प्रेम कुमार निर्मलकर व्याख्याता को केंद्राध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस संबंध में बीईओ बसना से प्रतिवेदन मंगाया गया है। पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**एमआर सावंत**
जिला शिक्षा अधिकारी, महासमुंद

### खाते से पैसा निकालने की बात पर मारपीट

**महासमुंद।** खाते से पैसा निकालने की बात पर ग्राम संतपाली में एक परिवार के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस को सुलोचना निषाद निवासी संतपाली ने बताया कि 9 मार्च को रात्रि करीबन 9 बजे वह अपने घर में थी उसी समय मेंरे घर के सामने गली में मेंरे देवर सुरेश निषाद ने आकर शामिलात खाते से 30000 रुपए क्यों निकाल लिए हो कहकर गाली गलौज करने लगा। इसके बाद वह और उसका बेटा बसंत कुमार निषाद घर के बाहर आये तो आरोपी हाथ मुक्का एवं चप्पल से मारपीट करने लगा। इसके बाद देवर सुरेश निषाद की पत्नी मनोरमा निषाद और उसकी मां कांति बाई वहां आकर सुरेश निषाद को उसके घर लेकर चले गए। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि कुछ देर बाद सुरेश निषाद का लड़का चित्रकांत निषाद एक डंडा लेकर आया, जिस पर वह, मेंरा बेटा बसंत कुमार, बहू संजीता निषाद एवं बेटी बसंती निषाद आये तो आरोपी चित्रकांत निषाद गाली गलौज करने लगा। साथ ही उसने प्रार्थिया, उसकी बहू संजीता निषाद व बेटी बसंती निषाद, बेटे बसंद निषाद से मारपीट करने लगा। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# दमकल पहुंचने में होती है देरी ग्रामीण क्षेत्र में अधिक परेशानी

**महासमुंद।** शहर में आग लगी तो दमकल के पहुंचने से पहले ही सब खाक हो जाएगा। ऐसा ही मामला हाल ही में सामने आया जब शहर के एक दुकान में आग लगने पर दमकल तो पहुंची लेकिन, त्वरित राहत मिलने की बजाय तब पहुंची जब लाखों का सामान जलकर खाक हो चुका था। सबसे अधिक परेशानी तो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए है जहां दमकल वाहन का पहुंच पाना संभव ही नहीं हो पाता।




बता दें कि गर्मी के सीजन में आग लगने की घटनाएं ज्यादा होती है। जिले में आग से बचाव के लिए 6 फायर ब्रिगेड वाहन है। महासमुंद ब्लॉक के लिए तीन फायर ब्रिगेड वाहन है। शहर के लिए जिला सेनानी परिसर बेमचा में रखे गए फायर ब्रिगेड वाहनों में तीनों फायर ब्रिगेड वाहन चालू हालत में है। फायरब्रिगेड वाहन में वाहन चालक के अलावा अन्य प्रशिक्षित स्टाफ भी होने चाहिए, जिससे आग पर शीघ्र ही काबू पाया जा सके। कर्मचारियों की कमी बनी रहती है। विभाग की मानें तो आग से निपटने के लिए स्टाफ को प्रशिक्षित किया गया है। तीन फायर ब्रिगेड चालू हालत में है। कहीं से भी सूचना आने पर टीम तत्काल निकलेगी। स्कूल, कॉलेजों में जाकर छात्रों को जागरूक भी किया गया है।

आग लगने पर फायर सुरक्षा अलार्म के जरिए अलर्ट किया जाता है, लेकिन ऐसी कोई व्यवस्था किसी भी संस्था में नहीं है। सामान्यतः अस्पतालों व स्कूल बसों में फायर अलार्म होते हैं। प्रशासन की नींद किसी दुर्घटना या हादसे के बाद ही खुलती है। संसाधनों को दुरुस्त भी नहीं किया जाता है।

### प्रशिक्षण नहीं

आग से बचाव के लिए सावधानी जरूरी है। खाना पकाने के स्थान पर ज्वलनशील पदार्थ नहीं रखें। यदि किसी उपकरण पर धुआं निकल रहा है और जलने की गंध आ रही है तो फौरन मेन स्वीच का प्लग निकाल दें। कहीं भी बिजली के तार गिर गए हैं तो बिजली विभाग को सूचित करें। कहीं आग लग गई हो तो डायल 112 से संपर्क करना चाहिए।

### शार्ट सर्किट के मामले

गर्मी के दिनों में कारों, एसी, दुकानों में शार्ट सर्किट से आग लगने के मामले सामने आते हैं। गलत वायरिंग करने और लोड बढ़ जाने के कारण आग लगने के मामले सामने आते हैं। सतर्कता नहीं बरतने पर कई बार लोगों की जान भी चली जाती है। वर्तमान में बैटरी वाले कार और बाइक भी आ गए हैं, जिसके ओवर चार्ज होने पर भी ब्लास्ट का खतरा रहता है।

### सावधानी जरूरी

स्कूल, कॉलेजों, दुकानों, स्कूल बसों में फायर एक्सटिंग्विशर तो लगे हुए हैं, लेकिन कई इसका उपयोग करना नहीं जानते हैं। पूर्व में प्रशिक्षण दिया गया था, लेकिन जिन्होंने सीखा उन्होंने अन्य को नहीं सिखाया। वहीं पेट्रोल पंपों, उद्योगों, अस्पतालों में फायर एक्सटिंग्विशर है या नहीं इसकी जांच नहीं होती है। कई बार लंबे समय तक फायर एक्सटिंग्विशर शो-पीस लटके रहते हैं।



### ब्राम्हण समाज की महिलाओं ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ महिला ब्राम्हण समाज ने उल्लास के सांथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। अध्यक्ष राजेश्वरी तिवारी ने अपने विचारों के साथ एक सुमधुर गीत गाया। संरक्षक रंजना शर्मा ने महिला दिवस की शुरूआत कैसे हुई, इसकी जानकारी दी। संरक्षक अरूणा शुक्ला ने कहा नारी की महिमा भारी नहीं न्यारी है, मातृ शक्ति संघर्षों से कब हारी हैं। संरक्षक इंद्राणी पांडेय ने अपने विचार रखे व सभी को बधाई दी। उपाध्यक्ष मधु तिवारी ने कहा कि सभी महिलाओं को आपस में एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। सदस्य कुसुम शर्मा ने नारी हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। उन्हें अपनी सीमा रेखा निर्धारित करके जीवन में आगे बढ़ना है। सचिव प्रीति शर्मा ने स्वरचित कविता नारी एक चलता फिरता समय चक्र है जो पूरी दुनिया को गतिमान रखती है सब कुछ खोकर भी बांट देने का हौसला रखती है, मीडिया प्रभारी विनती शर्मा ने बेटियों को आगे बढ़ने व अपने हौसलों को कायम रखने की बात कही। बिंदु आचार्य ने भी सभी को बधाई देते हुए मां का महत्व बताया। इस अवसर पर मनोरंजन खेल, मस्ती, के साथ समाज की सभी महिलाएं कुमकुम शुक्ला, रेणु शुक्ला, कुमुद दुबे, उषा शर्मा, रोशनी पांडेय, यशोदा तिवारी, दिव्या ने अपनी सहभागिता दी। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष मधु तिवारी ने किया।

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर दो लोगों ने एक व्यक्ति से मारपीट कर दी। तुमगांव पुलिस ने बताया कि खैरझिटी का चेतन ध्रुव 8 मार्च को दैहान के पास चौरा में बैठा था। उसी समय शाम करीबन 7.30 बजे गांव के पवन ध्रुव, गज्जू साहू आये और पुराने जमीन विवाद की बात को लेकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ थप्पड़ एवं डंडे से मारपीट किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969




नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

# व्यापम ने पूछा-खाद्य पदार्थों में बेन्जोएट्स का प्रयोग क्यों, किस पेस्टीसाइड्स के अवशेष सर्वाधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। व्यापम द्वारा आयोजित की गई यह इस वर्ष की पहली परीक्षा है। इसके लिए व्यापम को 67 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी संभागीय मुख्यालयों में व्यापम ने इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए थे। इनमें से 42 केंद्र राजधानी रायपुर में बनाए गए। विज्ञापन जारी होने के 17 माह बाद व्यापम द्वारा इसकी परीक्षा आयोजित की गई। वर्ष 2023 अक्टूबर में इसके लिए आवेदन निकाले गए थे। गौरतलब है कि इस वर्ष होने वाली परीक्षाओं के लिए अधिसूचना व्यापम ने पूर्व में ही वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से जारी कर दी थी। इसके बाद 23 मार्च को व्यापम द्वारा मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली दूसरी परीक्षा होगी। इसके बाद अप्रैल माह में व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं का सिलसिला प्रारंभ होगा।

- रायपुर के 42 परीक्षा केंद्रों में हुई कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा
- 67 हजार उम्मीदवारों ने दिलाई थी परीक्षा, अक्टूबर 2023 में निकला था विज्ञापन

### उपस्थिति के आंकड़े नहीं

परीक्षा के दिन व्यापम की वेबसाइट पूरे दिन ठप रही। इसके कारण परीक्षा संबंधित किसी भी तरह की सूचना परीक्षार्थियों को प्राप्त नहीं हो सकी। इसके अलावा व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के उपस्थिति के आंकड़े भी साझा नहीं किए गए हैं। पूर्व में व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों की संख्या साझा की जाती थी। केंद्रों से अंतिम सूचना आने के बाद संख्या में कुछ परीक्षार्थियों की घट-बढ़ के चलते उत्पन्न हुए विवाद के बाद व्यापम द्वारा संख्या के स्थान पर परीक्षार्थियों का प्रतिशत साझा किया जाता रहा, लेकिन अब व्यापम द्वारा उपस्थित परीक्षार्थियों के प्रतिशत साझा करने में आनाकानी की जा रही है।




### पूछे गए 100 सवाल

व्यापम की परीक्षा प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुई। परीक्षार्थियों को एक घंटे पूर्व केंद्र पहुंचने निर्देश दिए गए थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। 100 सवाल कैंडिडेट्स से पूछे गए। पद की प्रवृत्ति के आधार पर सभी सवाल विज्ञान आधारित रहे। इसमें खाद्य पदार्थों में बेंजोएट्स का प्रयोग क्यों होता है, पाई-बंध क्या है, विभिन्न गैस में अणुओं की संख्या, किस यौगिक से खाद्य तेलों का निर्माण होता है, किस पेस्टीसाइड्स के अवशेष खाद्य पदार्थ में सर्वाधिक होते हैं, हेरोइन किसका व्युत्पन्न है, मोनोमेट्रिक विधि का प्रयोग किसके मापन में होता है सहित आणविक द्रव्यमान व इलेक्ट्रॉनिक विन्यास जैसे सवाल पूछे गए।

## खबर संक्षेप



### खल्लारी के उपसरपंच बने तारेश

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखंड के धार्मिक दैवीय माता तीर्थ स्थल स्थित ग्राम पंचायत खल्लारी के उपसरपंच चुनाव में तारेश साहू निर्वाचित हुआ है। साहू के उपसरपंच निर्वाचित होने पर स्थानीय सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष व्यक्त है। वहीं पंचायत चुनाव में तारेश साहू वार्ड क्रमांक 16 से निर्विरोध वार्ड पंच नियुक्त हुए थे।

### पाइपलाइन बिछाने सड़क पर गड्ढा खोदा बढ़ी परेशानी

**रायपुर।** नगर निगम बिरगांव में अमृत मिशन योजना के तहत लोगों के घर पीने का साफ पानी पहुंचाने सड़क खुदाई की गई, पर पाइपलाइन बिछाने के बाद रेस्टोरेशन सही नहीं होने से लोग परेशान हैं। गड्ढों को सही ढंग से नहीं भरने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।



### सिंधु संस्कार का होली मिलन, महिलाओं को किया सम्मानित



**रायपुर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति ने महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन नचरानी फार्महाउस पर किया। इस दौरान सभी महिलाओं को समिति के सदस्यों ने टीका लगाकर, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। संस्था की अध्यक्ष डिंपल शर्मा और भावना चंदानी बताया कि मुख्य अतिथि बिलासपुर महापौर पूजा विधानी रहीं, वहीं महिला सिंधी पार्षद कंचन वाधवानी बिलासपुर, तारा रामानी बिल्हा, पलक सुखवानी तिल्दा, समाजसेवी एवं महिला थाने की काउंसलर सावित्री जगत ने अध्यक्षता की।मंजू सुंदरानी, रिचा ठाकुर, राशि बलवानी, संगीता शर्मा, एडवोकेट आशा दुबे, पुष्पा वल्र्याणी, किरण ठाकुर, जूही दरयानी, दीपिका जेठानी, सीमा नचरानी, पुरुष वर्ग में विशेष अतिथियों में पूर्व पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा, भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष लद्दाराम नेनवानी, देवानंद शर्मा, विजय मथानी, विजय इसरानी ने अतिथियों का स्वागत किया।

### विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का आंदोलन स्थगित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का आंदोलन प्रबंधन से मिले आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया है। संघ के प्रांतीय महासचिव जीके मंडावी ने बताया कि 20 मार्च को चेयरमैन पॉवर कंपनी ने द्विपक्षीय वार्ता करने पर सहमति व अन्य मांगों को प्रबंधन द्वारा तत्काल निराकृत करने का आश्वासन दिया है। साथ ही गर्मी के समय में आम नागरिकों को विद्युत सेवा बाधित होने से होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए जारी क्रमबद्ध आंदोलन को एक निश्चित समय के लिए स्थगित किया गया है। इसके बाद भी कंपनी प्रबंधन द्वारा संघ की मांगों को यदि दरकिनार किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल, धरना प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

## पुराने मोटरपंप से फिल्टर प्लांट का पानी ऊपर चढ़ाने में आ रही दिक्कत

# 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति, पुराना पंप बदलकर लगाएंगे 100 एचपी का मोटरपंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत मोतीबाग पानी टंकी क्षेत्र के पुराने मोटरपंप को बदला जाएगा। इसकी जगह 100 एचपी क्षमता के नया मोटरपंप लगाने की तैयारी है। 75 एचपी के पुराने मोटरपंप से फिल्टर प्लांट का पानी ऊपर चढ़ाने में दिक्कत आ रही है, इसलिए मोटरपंप बदला जाएगा। मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया से संबंधित वार्डों में अभी केवल वनटाइम एक घंटे अतिरिक्त पानी लोगों को दिया जा रहा है। जबकि गंज पानी टंकी के कमांड क्षेत्र में पाइपलाइन टेस्टिंग के बाद सुबह-शाम एक-एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति की व्यवस्था दी जा रही है।

राजधानी के मोतीबाग क्षेत्र स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी से मोतीबाग, बैजनाथपारा, सिविल लाइन, ब्राह्मणपारा, पुरानी बस्ती, सदर बाजार, गोलबाजार, मठपारा तात्यापारा और हांडीपारा इलाके में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाने के बाद पाइपलाइन टेस्टिंग का काम पूरा हो गया है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा संबंधित इलाके में वर्तमान में केवल एक समय एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति की जा रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नया मोटरपंप लगाने के बाद संबंधित इलाके में पानी का प्रेशर बढ़ाने में आसानी होगी।

## नई पाइपलाइन से ट्रायल के बाद वन टाइम वाटर सप्लाई, होली के बाद सुधरेगी स्थिति

### 11 एमएलडी से बढ़कर 16 एमएलडी होगी जल आपूर्ति

मोतीबाग पानी टंकी वाले इलाके के लिए नगर निगम के फिल्टर प्लांट से वर्तमान में 11 एमएलडी पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है। गर्मी सीजन के बाद 24 घंटे जलप्रदाय योजना पूरी तरह से शुरू होने पर 5 एमएलडी अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ेगी, यानी मोतीबाग पानी टंकी को 16 एमएलडी पेयजल मिलने लगेगा।



### गंज पानी टंकी कमांड एरिया में दोनों समय जल आपूर्ति

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में शुरू किए गए पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत गंज पानी टंकी कमांड एरिया वाले वार्डों में नई पाइपलाइन की टेस्टिंग के साथ ही सुबह शाम 1-1 घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति शुरू की गई है। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी के मौदहापारा, शिवनगर, रामसागरपारा, समता कालोनी क्षेत्र में यह व्यवस्था दी जा रही है।

# मेदनीपुर में मल्लिका बनीं निर्विरोध उपसरपंच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जनपद पंचायत बसना के ग्राम पंचायत मेदनीपुर में हुए उपसरपंच चुनाव में सर्वसम्मति से मल्लिका मुकेश भोई को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। पंचायत के सभी पंचों ने एकमत होकर उनका समर्थन किया, जिससे यह निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ। मल्लिका मुकेश भोई वार्ड क्रमांक 3 में पंच के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। निर्विरोध निर्वाचन पर ग्राम मेदनीपुर के नागरिकों में हर्ष का माहौल है।

ग्रामवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र का विकास नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। निर्वाचन के पश्चात मल्लिका मुकेश भोई ने सभी पंचों एवं प्रमुखों का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें जनता के सहयोग और विश्वास से मिली है, जिसे वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएगी। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी शामिल साहू, सह पीठासीन अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सरपंच अजय साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत सरपंच अजय साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए सभी प्रतिनिधियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि मल्लिका मुकेश भोई के नेतृत्व एवं सहयोग में पंचायत को नई दिशा मिलेगी और जनहित में प्रभावी कार्य होंगे। साथ ही क्षेत्र के नागरिकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने मल्लिका मुकेश भोई के उपसरपंव बनने पर हर्ष जताया है।

# होली में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता, पुलिस की सवा सौ से ज्यादा टीमें करेंगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली पर्व के आते ही पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। साथ ही बीएसयूपी कॉलोनियों में दबिश देकर पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। इसी कड़ी में रविवार तड़के टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कॉलोनी में दबिश देकर 20 संदिग्ध, तीन आदतन बदमाशों सहित 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। छापे की कार्रवाई करने सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तथा अफसर आरडीए कॉलोनी पहुंचे थे। छापे की कार्रवाई तड़के 5 बजे शुरू की गई।

एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से बोरियाखुर्द में बाहरी संदिग्ध लोगों के आने की सूचना मिल रही थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संदिग्धों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने आरडीए कॉलोनी में दबिश दी गई। पुलिस ने कॉलोनी में रह रहे लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने के निर्देश दिए। साथ ही जो संदिग्ध मिले हैं, उनके आपराधिक रिकार्ड की जानकारी जुटाने पुलिस ने एसएस रोल बनाकर संबंधित राज्यों के पुलिस की पास भेजे हैं।

### विवाद पर तुरंत थाने में दें सूचना

शुक्रवार को होली खेली जाएगी, उस दिन पवित्र रमजान महीने की जुमे की नमाज पढ़ी जाएगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही नमाज पढ़ने के दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी अलग से गश्त करने निकलेगी। लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने पुलिस ने अपील करने के साथ ही क्षेत्र में किसी भी तरह की विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी जानकारी लोगों को अपने नजदीकी थाने में देने कहा है।

### होली के दिन क्रिकेट मैच बड़ी चुनौती

होली के दिन रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होना है। ऐसे में पुलिस को क्रिकेट मैच के लिए सुरक्षा इंतजाम करना एक बड़ी चुनौती होगा। क्रिकेट मैच के लिए लाइन के अलावा पड़ोसी जिलों से बल की व्यवस्था करने की बात पुलिस अफसर कह रहे हैं।



### होली में हर थानों में चार-चार पेट्रोलिंग

होली की हुड़दंग रोकने जिले के सभी 33 थानों में चार-चार की संख्या में पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें गश्त करेंगी। इसके अलावा डिवीजन स्तर पर राजपत्रित पुलिस अफसरों की अलग से पेट्रोलिंग टीम निकलेगी। इस तरह से जिले में पुलिस की सवा सौ से ज्यादा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी दौड़ेंगी।

### ड्रंक एंड ड्राइव पर सख्ती बरतने के निर्देश

नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ एसएसपी ने पुलिस को होली के दो दिन पूर्व से कार्रवाई तेज करने निर्देश दिए हैं। साथ ही नशेड़ी वाहन चालकों के वाहन जब्त कर थाने में खड़े करने के साथ ही होली के बाद कोर्ट में चालान पेश करने निर्देश दिए हैं। साथ ही नशे की हालत में वाहन चलाने वालों को हिरासत में लेने के एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

# पीएम मोदी की सभा 30 को बिल्हा के मोहभट्ठा में, तैयारी में जुटे मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर के बिल्हा क्षेत्र में स्थिति मोहभट्ठा में एक विशाल आमसभा को संबोधित करने वाले हैं। कार्यक्रम के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। खास बात ये है कि तैयारियों में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी जुटे हैं। कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मार्च को बिलासपुर में कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री की विशाल आमसभा होगी। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के आला अफसर भी इस दौरान मौजूद थे।

### पीएम का आना सौभाग्य की बात

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मैदान के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग व्यवस्थाओं के लिए चिन्हांकित स्थलों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारों करोड़ की सौगात लेकर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। आसपास रहने वाले लोगों को भी किसी तरह की परेशानी न हो।

### होगी तगड़ी व्यवस्था

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री साहू और उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मैदान के हर कोने का भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपेड, मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। डीएफओ सत्यदेव शर्मा, बिलासपुर नगर निगम के आयुक्त एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमित कुमार तथा जिला पंचायत के सीईओ एवं सहायक नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल सहित आमसभा की तैयारी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद थे।

**सीएम ने किया महतारी वंदन कॉमिक्स का विमोचन:** **रायपुर।** महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित महतारी वंदन योजना पर सीएम विष्णुदेव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समारोह में 'महतारी वंदन कॉमिक्स' का विमोचन किया।

### प्रेस क्लब में महिला पत्रकार कक्ष निर्माण का भूमिपूजन




**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब में विधायक निधि से महिला पत्रकार कक्ष निर्माण के लिए रविवार को भूमिपूजन किया गया। प्रेस क्लब में पहली बार महिला पत्रकार साथियों के लिए अलग से कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें सुव्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त कक्ष मिल जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा रहे। इस अवसर पर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर समेत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिला पत्रकार साथी मौजूद रहीं।

## अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट, सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही 37 सौ मेगावाट बिजली

# मार्च में पहली बार बिजली की खपत 6200 मेगावाट से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। मार्च में बिजली की खपत पहली बार 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। बीते माह फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट तक गई थी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से 37 सौ मेगावाट बिजली लेनी पड़ रही है। इस बार गर्मी में खपत के 65 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना है। इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने व्यवस्था कर रखी है।

गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेशभर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। इसी के साथ कृषि पंप भी चलने के कारण खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

### बिजली की कमी नहीं

फरवरी-मार्च में पहली बार इतनी खपत बढ़ी है, लेकिन बिजली की कमी नहीं है। पूर्ति करने के लिए पूरा इंतजाम किया गया है। गर्मी को देखते हुए भी कंपनी पूरी तैयारी में है। कहीं कोई कमी नहीं होगी।

- **एसके कटियार**, एमडी, पॉवर उत्पादन कंपनी

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन कभी भी उत्पादन सौ फीसदी नहीं होता है। सभी संयंत्रों के चलने पर अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट तक होता है। इस समय सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने लिए सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ रही है। सेंट्रल सेक्टर से पॉवर कंपनी का शेयर 35 सौ मेगावाट है, इससे ज्यादा बिजली लेने पर पैसे भी ज्यादा देने पड़ते हैं।

### मार्च में पहली बार इतनी खपत

फरवरी और मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी नहीं रहती है। कृषि पंपों के कारण फरवरी में खपत पांच हजार मेगावाट के पार जरूर हो जाती है, लेकिन इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट गई है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार फरवरी में इतनी ज्यादा खपत देखने को मिली। इसके बाद अब मार्च में खपत का ग्राफ और बढ़ गया है। इस समय खपत 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। मार्च में ही और नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

# लघु उद्योग महासमुंद इकाई का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लघु उद्योग भारती के अखिल भारती कोषाध्यक्ष समीर मुद्रा, प्रदेश अध्यक्ष ओम सिंघानिया, प्रदेश महामंत्री शिल्पी दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, भूतपूर्व प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल एवं प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जितेंद्र चंद्राकर, ईश्वर पटेल एवं मोहन पटेल की उपस्थिति में महासमुंद इकाई का गठन किया गया, जिसमें राहुल चंद्राकर इकाई अध्यक्ष, आशीष पलसानिया उपाध्यक्ष, कैलाश राठी सचिव, राजेश डडसेना सहसचिव एवं योगेश प्रजापति कोषाध्यक्ष के लिए चुने गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रमेश पटेल, सुनील प्रजापति, संजय चंद्राकर, राम कुमार चंद्राकर, धीरेंद्र लोणारे, आशीष वर्मा, नवीन पंजवानी, विकास अग्रवाल, हर्ष जैन पचानिया, लक्ष्मीकांत अग्रवाल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस अपने गिरेबान में पहले झांके

**बागबाहरा।** प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के लगातार बढ़ते जनाधार से भयभीत कांग्रेसजनों द्वारा सरकार पर झूठे आरोप लगा कर अपनी हार से जनता का ध्यान भटकाने का कोरा प्रयास करार दिया है। भाजपाजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के अंदर गुटबाजी चरम पर है। आपसी मतभेदों से ध्यान हटाने के लिए खल्लारी विधायक द्वारा सरकार पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। यह बातें अलका चंद्राकर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, भेखलाल साहू व जसराज चंद्राकर जिलाध्यक्ष भाजयुमो ने कहीं।

### एकल विद्यालय में मनाया महिला दिवस

**महासमुंद।** एकल विद्यालय रामसागरपारा में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर महिलाओं को एकल विद्यालय के आचार्या तरुण ठाकुर की ओर से पेन, बिस्कुट देकर सम्मानित किया। श्रीमती ठाकुर ने पालकों से कहा कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन एकल विद्यालय भेंजे। ताकि, वे भारत की संस्कृति से जुड़ सके। कार्यक्रम में स्नेह संपर्क परिवार कार्यकर्ता लच्छ्नी ठाकुर, वार्ड पंच कामिन ठाकुर, मोंगरा ध्रुव, मितानिन हार बाई, जयंती बाई आदि उपस्तित रही।

### पंच त्रिवेणी का सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने पंच त्रिवेणी चंद्राकर का सम्मान किया। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, उनकी उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। दुनियाभर में यह दिन महिलाओं की समानता, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, सेमिनारों और रैलियों के माध्यम से मनाया जाता है।

### बेमचा स्कूल में मनाया गया विश्व महिला दिवस

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला बेमचा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यालय में अध्यननरत बच्चों की माताओं को आमंत्रित किया गया। सर्वप्रथम सरस्वती पूजन के पश्चात उपस्थित समस्त नारी शक्ति का सम्मान किया गया। माताओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार अभिव्यक्त किए गए। जिसमें नूतन साहू द्वारा महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में उपस्थित लोकेश्वरी मालेकर द्वारा अपने वक्तव्य में कहा गया कि किसी महिला का कोई घर नहीं होता, लेकिन महिला के बिना कोई घर नहीं होता। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें चूड़ी में चना एवं कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया। चूड़ी में चना की विजेता सुजौती निषाद एवं कुर्सी दौड़ में राधा यादव प्रथम स्थान रही। कार्यक्रम में शाला के प्रधान पाठक कोमल सिंह ध्रुव, विद्यालय के समस्त शिक्षक सीमा विष्णु चंद्राकर, सुलोचनी भट्ट, सीमा टिकेंद्र चंद्राकर, भुनेश्वरी साहू, खेमिन साहू, सरला चंद्राकर, नंदनी प्रधान, कुलेश्वरी चंद्राकर, शिक्षक विवेक कुमार योगी, पालकगण एवं विद्यालय के समस्त छात्र- छात्रा उपस्थित रहे।

**आयोजन:** बोडराबांधा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी के लिए किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामुदायिक प्रशिक्षक हेमलता राजपूत ने बताया कि 9 मार्च को ग्राम पंचायत बोडराबांधा ब्लाक बागबाहरा में 30 गांव से कुल 400 महिला कृषक एवं अन्य महिलाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ऐसी महिलाओं का सम्मान करना जो समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने राष्ट्र समाज में महिलाओं की भूमिका का क्या महत्व है, उसे विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही आने वाले समय मंस महिलाओं का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए और विस्तारपूर्वक कार्य योजना बनाकर महासमुंद जिला का नाम रोशन करने की बात कही गई। दूसरे वक्ता के रुप में जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर द्वारा इस प्रकार के आयोजन का समाज में महत्व पर प्रकाश डाला गया और महिला समूह को और सशक्त करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर विचार प्रस्तुत किया। अन्य वक्ता हाड़ाबंध ग्राम पंचायत के ममता साहू ने उपस्थित सभी सदस्यों को अपनी कम समय में प्राप्त उपलब्धि के बारे में बताया गया कि वह 2009-10 से अभी तक 2 कार्यकाल सरपंच एवं दो कार्यकाल जनपद सदस्य के रुप में सेवा दे रही हूं। इसलिए सभी महिलाओं को हमेशा अपने कार्य जिम्मेदारी के साथ हर क्षेत्र में करते रहना चाहिए। ग्राम पंचायत तुसदा सरपंच हेमलता साहू, आमाकोनी सरपंच मीरा दीवान, सुशीला अलखराम साहू सरपंच डुमरडीह, कौशल्या ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत बोकरामुड़ाकला, प्रमोद साहू सरपंच अमेठी, कृष्ण कुमार दीवान सरपंच ढोड़, रुप सिंग बरिहा सरपंच बोडराबांधा, नरेंद्र ध्रुव सरपंच जुनवानीखुर्द, जनपद सदस्य झामीन ठाकुर, प्रतिनिधि शौरी विशेष रुप से उपस्थित रहे।

सभी उपस्थित ग्राम पंचायत सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्यों को स्वागत श्रीफल और गमछा, प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम में समाज के विकास के लिए अलग अलग क्षेत्रों में अनूठा काम कर अनपे गांव समाज परिवार का नाम रोशन करने वाली महिलाओं का प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और गमछा देकर सम्मानित किया गया। निरंतर बढने के लिए उनके द्वारा संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से निधि लोकेश चंद्राकर जनपद सदस्य और 22 गांव के निर्वाचित महिला पंच गांव की मुखिया, बालिका और युवा उपस्थित थे। साथ ही फुलझर गांव की बालिकाओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। प्रेरक स्वयंसेवी संस्था से राम गुलाल सिन्हा द्वारा इस क्षेत्र में महिला समूहों और व्यक्तिगत महिलाओं के साथ विभिन्न प्रकार आजीविका संबंधी कार्य के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयक राजेंद्र साहू, उदित पटेल, प्रकाश ध्रुव, सूरज ध्रुव, चित्ररेखा ठाकुर, माधवी सोनी, विष्णुप्रिया, हीना साहू शामिल हुए।

# लोक अदालत में लाखों के अवार्ड, रिकवरी प्रकरणों का हुआ निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त 04 खंडपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गए थे। उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधि. की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले, सिविल मामले भी नियत किये गये थे।



उक्त खंडपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार खंडपीठ क्रमांक 07 शोभना कोष्टा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में विद्युत एवं बैंक संबंधित 78 प्रकरण 13,45,000, दावा के 01 प्रकरण में 15,00,00 रुपए का निराकरण किया गया।

खंडपीठ 08 पंकज आलोक तिर्की द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में आर्बिटेशन के कुल 03 प्रकरण 6,92,143 रुपए एवं 1 मेक्ट में 2,00,000 रुपये, खंडपीठ क्रमांक 09 पवन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरायपाली के न्यायालय में मेक्ट के 03 प्रकरणों में 57,00,00 रुपए, ट्रांसफर डिक्री के 08 प्रकरणों में 20,51,008 रुपये तथा खंडपीठ क्रमांक 10 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सरायपाली से 367 समरी के मामले में 01,27,300 एवं, आईपीसी के 10, धारा 258 दप्रस के तहत 3, धारा 138 के तहत 03 प्रकरणों में 14,92,000 रुपए का निराकरण किया गया। खंडपीठ क्रमांक 10 विनय कुमार साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट सरायपाली के न्यायालय में आईपीसी के 2, धारा 138 के 06 प्रकरणों में 2,95,731, समरी 427 प्रकरणों 1,24,800 रुपये, प्रिलिगेशन के 05 प्रकरणों में 1,29,000 राशि के साथ निराकरण किया गया। इस लोक अदालत समाप्ति उपरांत अनेक लाभार्थी प्रतिभागियों ने लोक अदालत में प्रकरणों की सुनवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस सुविधा से उन्हें काफी राहत महसूस हो रही है। समय-समय पर आमजनता के लाभार्थ के लिए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए।

# विकासखंड स्तरीय पशु मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड सरायपाली के ग्राम कोलिहादेवरी स्थित पशु चिकित्सालय बलौदा में विकासखंड स्तरीय पशु मेला उत्सव प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम कोलिहादेवरी और ग्राम सिरपुर के कुल 125 पशुपालकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच सन्नी नायक और ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। पशु प्रदर्शनी के तहत उन्नत दुधारू गाय-बैल, उन्नत बछड़ा-बछिया, भैंस-भैंसा, पड़यि-पड़ुवा, उन्नत नस्ल बकरी-बकरा, कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न वत्स एवं पक्षी वर्ग में कुल 48 पशुपालकों ने अपने पशुओं का पंजीयन कराया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पशुपालकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पशुधन विकास विभाग, विकासखंड सरायपाली के पशु चिकित्सालय बलौदा के पशु चिकित्सक डॉ. हिमांशु वैश्य एवं उनकी 11 सदस्यीय टीम ने मेला से पूर्व ग्राम में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। इसमें 73 गौवंशी, भैंसवंशी पशुओं का खुरहा-चपका रोग से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामवासियों को पशुधन विकास विभाग की योजनाओं, संक्रामक बीमारियों से बचाव, पशुओं के रखरखाव एवं उनके पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।






### जिपं प्रतिनिधियों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**सरायपाली।** महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू के नेतृत्व में नवनिर्वाचित महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य निर्वाचित होने के पश्चात प्रथम मुलाकात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की। साथ ही शपथ ग्रहण समारोह में आने का निमंत्रण भी दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी उपस्थित रहे।

### कर्मा माता मंदिर बोहारपार के वेबसाइट का हुआ शुभारंभ



**बसना।** बोहारपार बसना में टहल सिंह साहू अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ द्वारा धरमदास साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ के मार्गदर्शन में पंकज साव अध्यक्ष तहसील साहू समाज बसना के सहयोग से तहसील बसना के कर्मा माता मंदिर निर्माण समिति के कर्मा माता मंदिर डाट इन वेबसाइट का शुभारंभ प्रदेश साहू समाज भवन टिकरापारा रायपुर में हुआ। जिसमें टिकेश्वर साहू (अध्यक्ष कर्मा माता मंदिर निर्माण समिति फुलझर अंचल बसना), लोकनाथ साव (कार्यकारी तहसील अध्यक्ष), ललित साव (तहसील सचिव), उपेंद्र साव (तहसील सलाहकार), परीक्षित साव (तहसील सलाहकार), कुंजराम साव (तहसील सलाहकार), ताराचंद साहू (अध्यक्ष परिक्षेत्र बड़ेसाजापाली), अजीत साव (अध्यक्ष परिक्षेत्र भंवरपुर), महेंद्र साव (परिक्षेत्र अध्यक्ष सांकरा), हेमलाल साव (अध्यक्ष परिक्षेत्र बरोली), चंद्रमणि साव (अध्यक्ष परिक्षेत्र बंसूला), जैजराम साव एवं छत्तीसगढ़ के सभी जिलाध्यक्ष एवं राजीम माता मंदिर के अध्यक्ष लाला राम साहू, पवन साहू (प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ) एवं भारी संख्या में समाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। साहू समाज भवन रायपुर में आयोजित वेबसाइट बसना (बोहारपार) ऑनलाइन शुभारंभ प्रोजेक्टर से हुआ।

### युकां ने फूंका ईडी का पुतला



**महासमुंद।** ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर की गई षडयंत्रपूर्वक कार्रवाई के खिलाफ युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशन अनुसार महासमुंद युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष अमन चंद्राकर के नेतृत्व में ईडी के विरोध में पुतला जलाकर प्रदर्शन किया गया।



### बलौदा में सरपंच सहित सभी पंचों को दिलाई गई शपथ

**सरायपाली।** सरायपाली विकासखंड के ग्राम पंचायत बलौदा के प्रथम सम्मेलन में नवनिर्वाचित सरपंच सरस्वती सरोज सेठ एवं सभी पंचों को गांव के वरिष्ठ नागरिक संतोष स्वाई द्वारा शपथ दिलाई गई। शुभारंभ में पुरोहित महेश पाणिग्रही द्वारा विधि पूर्वक गौरी गणेश का मंत्रोच्चार से पूजा पाठ किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच सरस्वती सरोज सेठ द्वारा वरिष्ठजनों एवं समस्त ग्रामीणों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि गांव के सभी मूलभूत कार्यों का विकास पूरे तन्मयता के साथ इन पांच सालों में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सरपंच कमलेश्वरी दीवान, चितरंजन स्वाई, पूर्णचंद्र सेठ, मुरलीधर पाढ़ी, कौशल प्रसाद तिवारी, बलौदा भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलांबर तांडी, गोकुल राणा, कंचन मिर्धा, वीरेंद्र सिदार, देतारी पांडे, शारदा तिवारी, उपेंद्र रौतिया, चूड़ामणि प्रधान, नरेश तिवारी, जितेंद्र भोई, सचिव सुनील साहू, रोजगार सहायिका फुलेश्वरी सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# पति उपसरपंच और पत्नी बनीं जनपद सदस्य, ग्रामीणों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पंचायत सिंघनपुर में नवनिर्वाचित सरपंच झालबाई राय के विजयी होने के बाद उपसरपंच चुनाव में भाजपा युवा नेता रामेश्वर गब्बर साहू ने जीत हासिल की है। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 23 से जनपद पंचायत सभापति का पद हासिल किया है।



साहू ने बताया कि वर्तमान 2025 जनपद पंचायत चुनाव में उनकी धर्मपत्नी तीजन साहू ने जनपद सदस्य की सीट पर जीत दर्ज कर नारी शक्ति को मजबूत बनाने खरी उतरी है। उपसरपंच की घोषणा होते ही समर्थकों का बधाई देने के लिए भीड़ उमड़ पड़ा। नवनिर्वाचित उपसरपंच रामेश्वर गब्बर साहू ने कहा कि मुझे और मेरी धर्मपत्नी तीजन साहू को जनपद सदस्य चुने जाने पर पुनः जनसेवा करने का मौका मिला है। ग्रामवासियों ने कहा कि उपसरपंच पद पर रामेश्वर गब्बर साहू ने जीत हासिल करना अपनी लोकप्रियता साबित की है। जीत के बाद सभी मतदाताओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते नवनिर्वाचित उपसरपंच रामेश्वर गब्बर साहू ने कहा कि वे हमेशा की तरह गांव के विकास और जनसेवा के लिए तत्पर रहेंगे। वे ग्रामीणों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे। ग्रामवासियों ने भी उनके उपसरपंच बनने पर खुशी जताई और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य और तेज गति से होंगे।

इस दौरान देवेंद्र राय, कमला बाई, सुंदर कुर्रे, तुलसा बाई, चैतराम यादव, किरण रुपसिंग निषाद, रामहिन बेदराम निषाद, सरिका लालजी, भारती संगीता, पुरन कोसरिया, माधवी लखन ध्रुव, पूर्णिमा रुपेश प्रभाकर, आनंद मन्नाडे, भारत टंडन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### धनसुली में रमा बनीं उपसरपंच

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत धनसुली में रमा रेखूराज पटेल उपसरपंच निर्वाचित हुईं।

### महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण को लेकर आंतरिक परिवाद समिति की हुई बैठक

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना 9 दिसंबर 2013 के तहत गठित आंतरिक परिवाद समिति की बैठक विगत शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी कुदेशिया एवं समिति की पीठासीन अधिकारी दुर्गा ज्योति राव ने की। बैठक में समिति के सदस्य डॉ. मनीषा मिंज चिकित्सा अधिकारी, मंजु सिरमौर प्रभारी प्राचार्य, एमपीडब्ल्यू प्रशिक्षण केंद्र महासमुंद, निरंजना शर्मा समाज सेविका, नीलू घृतलहरे जिला कार्यक्रम प्रबंधक महासमुंद, जीपी चन्द्राकर लेखापाल एवं कन्हैया लाल धीवर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समिति में नीलू घृतलहरे जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं सुजाता रामटेके सहायक ग्रेड-03 को नए सदस्य के रूप में मनोनीत करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही आगामी महिला दिवस के उपलक्ष्य में 17 मार्च 2025 को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से बचाव एवं जागरुकता बढ़ाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक के अंत में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

### जिला महासमुंद में जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का गठन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिला महासमुंद में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा आदेश जारी किया गया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। समिति में नामांकित अधिकारी इस प्रकार हैं अध्यक्ष अपर कलेक्टर (अथवा डिप्टी कलेक्टर), सदस्य प्रभा मार्कंडेय (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अंत्यावसायी) अनुसूचित जाति वर्ग, रामकुमार ध्रुव (जिला परिवहन अधिकारी) अनुसूचित जनजाति वर्ग, संजय कुमार चौधरी (जिला कोषालय अधिकारी) अन्य पिछड़ा वर्ग, जयमंगल पटेल (अनुसंधान सहायक, टीआरटीआई रायपुर) विषय विशेषज्ञ, संबंधित जिले के अजाक पुलिस थाने में पदस्थ उपपुलिस अधीक्षक और सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास महासमुंद (सदस्य सचिव) शामिल है। इस समिति का कार्य जिला स्तर पर जाति प्रमाण पत्रों का सत्यापन करना होगा, जिससे प्रमाण पत्रों की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे।

# कोमाखान महाविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**कोमाखान।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कोमाखान में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर रंगोली, मेहंदी, नृत्य, गीत, गजल एवं मनोरंजन खेल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रंगोली प्रतियोगिता से हुई। जिसमें बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा एकता यादव एवं काजल सिन्हा द्वारा बहुत ही सुंदर रंगोली चित्रण के माध्यम से समाज में महिलाओं की यथास्थिति को दर्शाया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डा.भूमिका शर्मा (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र) ने कहा कि परिवार में बेटी और बेटे में कोई भेद नहीं रखने चाहिए। मां को बच्चों के परवरिश के समय इस बात का विशेष ध्यान देना चाहिए कि दोनों एक समान है। स्त्री और पुरूष दोनों का प्रकृति में अस्तित्व बहुत जरूरी है। और इसी का परिणाम है कि महिला शक्ति इस समाज में अपना आदर्श संतुलन स्थापित की है।

कार्यक्रम में उपस्थित हरीश कुमार चौहान (अतिथि व्याख्याता) ने प्राचीन मध्य एवं आधुनिक समय में स्त्रियों की स्थिति को चंद शब्दों में इनके बनने और बिगड़ने के इतिहास को बताया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंतिम घड़ी में सभी महिला प्राध्यापकों को स्मिृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# महासमुंद ब्लॉक के विभिन्न संकुलों में आधार सुधार शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** महासमुंद ब्लॉक के विभिन्न संकुलों में 10 मार्च से 19 मार्च तक आधार सुधार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों के अपार आईडी (एपीएआर आईडी) जनरेशन में आ रही समस्याओं का समाधान करना है। विद्यालयों में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी स्तर तक के छात्रों के अपार आईडी जनरेट करने की प्रक्रिया लगातार चल रही है। हालांकि, कई बच्चों के आधार कार्ड में नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि जैसी त्रुटियों के कारण अपार आईडी नहीं बन पा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में महासमुंद जिले के सभी संकुल केंद्रों में आधार सुधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।



महासमुंद ब्लॉक में होने शिविर के लिए तिथि निर्धारित की गई है। इसमें 11 मार्च को बेमचा, बेलसोंडा, भोरिंग, बिरकोनी, बृजराज, छपोरडीह, 12 मार्च को झलप, डीएमसी, डुमरपाली, झारा, खट्टा, 17 मार्च को खट्टी, लाफिनखुर्द, लहंगर, लोहारडीह, मुनगाशेर, नरतोरा, परसदा, 18 मार्च को पटेवा, पीढ़ी, रायतुम, शेर, सिरपुर, सोरम, सिंघी, सोरिद एवं 19 मार्च को तुमगांव, तुरेंगा, उमरदा में शिविर लगेंगे। इस शिविर में पालक अपने बच्चों के आधार कार्ड में सुधार करवा सकते हैं, जिससे भविष्य में अपार आईडी जनरेट करने में किसी प्रकार की समस्या न हो। यह अभियान बेहद सराहनीय है, क्योंकि आमतौर पर आधार सुधार कार्य केवल कुछ चुनिंदा स्थानों पर ही किया जाता है, लेकिन अब यह सुविधा प्रत्येक संकुल स्तर पर उपलब्ध कराई जा रही है। सभी पालकों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने नजदीकी संकुल केंद्र में पहुंचकर आधार त्रुटियों का सुधार कराएं। ताकि, उनके बच्चों का शिक्षण कार्य बिना किसी बाधा के जारी रह सकें।

## खबर संक्षेप



### मानसिक स्वास्थ्य शिविर सीएचसी बसना में लगा

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में मेंटल हेल्थ फिक्स डे कैंप आयोजित किया गया। इसमें 32 मरीजों को निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। इसमें डॉ नारायण साहू बीएमओ, डॉ राजीव पटेल ब्लॉक नोडल, लोकेश प्रधान आरएमए, ढोलचंद नायक बीपीएम व स्टॉफ का सहयोग रहा। मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लीनिक से रामगोपाल खूंटे, साइकेट्रिक सोसल वर्कर व खोमन लाल साहू सेकेट्रिक नर्स व स्टॉफ के साथ मेंटल हेल्थ कैम्प आयोजित किया गया।

### गोस्वामी समाज का होली मिलन 16 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद का होली मिलन कार्यक्रम 16 मार्च रविवार को ग्राम लभराकला में रामेंद्र प्रकाश गिरि के निवास स्थान पर आयोजित किया गया है। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी ने बताया कि होली मिलन का कार्यक्रम पारंपरिक रूप से रंग गुलाल लगाकर तथा नगाड़े की थाप पर फाग गीत गायन के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाज के विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले सदस्यों तथा पदाधिकारियों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, हुलास गिरि, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, देव गिरि, डोगेंद्र गिरि आदि तैयारी में लगे हुए हैं।

### घर के आंगन में खड़ी बाइक चोरी

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के सतनाम पारा निवासी लक्ष्मीनाथ पिता भागीरथी ढीढी ने सिटी कोतवाली महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि घर के आंगन में खड़ी बाइक को रात में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि हमेशा की तरह 24 फरवरी को घर के आंगन में बाइक लॉक कर रखा गया था। 25 फरवरी को सुबह देखा तो बाइक हीरो स्पेलेंडर प्लस वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजेड 0970 नहीं थी। पश्चात आस पड़ोस के लोगों से गाड़ी के संबंध में जानकारी ली तो इस संबंध में जानकारी नहीं मिली। जिसकी सूचना सिटी कोतवाली में दी है।



### सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में देश की पहली महिला शिक्षक व समाज सेविका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें नीलम कोसरे, माधुरी पटेल, रुक्मणी सारथी, वर्षा सारथी, दीपा, लता चंद्राकर, मोनिका चंद्राकर, हर्ष यादव आदि मौजूद रहे।



# आर्थिक तंगी से सशक्तिकरण की ओर बढ़ती महिलाएं

## महतारी वंदन योजना: मीना, भोजबाई और उषा का संघर्ष से स्वरोजगार तक का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई कहानी लिख रही है। यह योजना न केवल आर्थिक तंगी से जूझ रही महिलाओं को सहारा दे रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर उनके परिवारों की जिंदगी भी संवार रही है। ग्राम झालखम्हरिया की मीना विश्वकर्मा के लिए महतारी वंदना योजना किसी वरदान से कम नहीं। फरवरी 2024 से उन्हें हर महीने 1000 रुपए की सहायता राशि मिलने लगी। इस राशि का उपयोग कर उन्होंने महासमुंद से सब्जी लाकर फेरी लगानी शुरू की। अब उनकी आमदनी बढ़ गई है, जिससे वे अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर पा रही हैं। मीना इसे अपनी आर्थिक स्थिरता की नींव मानती हैं और कहती हैं, यह योजना मेरे लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है।

इसी प्रकार से बोरियाझर की भोजबाई मोंगरे के लिए यह योजना नया जीवन लेकर आई। पति की मृत्यु के बाद वे आर्थिक संकट से गुजर रही थीं, लेकिन मार्च 2024 से इस योजना का लाभ मिलने के बाद उन्होंने छह महीने की राशि जोड़कर एक छोटी सब्जी दुकान खोल ली। अब उनके पास स्थायी आय का साधन है। भोजबाई गर्व से कहती हैं, अब मुझे आत्मनिर्भर होने की खुशी है, मेरा खुद का व्यवसाय है, और मैं खुद को सशक्त महसूस कर रही हूं। इसी तरह ग्राम पंचायत कौंदकेरा की उषा साहू ने इस योजना से मिलने वाली सहायता राशि का सदुपयोग कर सब्जी का पसरा लगाया। अब वे प्रतिदिन 200 रुपए की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे अपने बच्चों की शिक्षा और घर के खर्चों को आसानी से चला पा रही हैं। उषा भावुक होकर कहती हैं, महतारी वंदन योजना ने मेरे जीवन को नई दिशा दी है। अब मैं आत्मनिर्भर हूं और अपने परिवार की देखभाल कर सकती हूं। महतारी वंदन योजना से मीना, भोजबाई और उषा जैसी महिलाएं आज इसकी बदौलत आत्मनिर्भर होकर अपने भविष्य को संवार रही हैं।

वे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को तहेदिल से धन्यवाद देती हैं, जिनकी इस पहल ने हजारों महिलाओं को एक नई रोशनी दी है। महतारी वंदना योजना वास्तव में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की एक नई उम्मीद बन चुकी है।

## बैठक : वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राजस्व अधिकारी की ली बैठक

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली, विभिन्न योजनाओं की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- होली और ईद शांति और सौहार्द तरीके से मनाने शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश



कलेक्टर विनय लंगेह ने राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर विभिन्न राजस्व योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में किसान पंजीयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे, लोक सेवा गारंटी, नक्शा अपडेशन और राजस्व मामलों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इसके अलावा उन्होंने आगामी होली पर्व को देखते हुए विभिन्न स्तरों पर शांति समिति की बैठक की तैयारियों का भी जायजा लिया गया।

कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों का पंजीयन 20 मार्च तक समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र किसान पंजीयन से वंचित न रहे और प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। अभी तक 1 लाख 30 हजार किसानों के लक्ष्य के विरुद्ध 64 हजार 924 किसानों का पंजीयन किया जा चुका है। कलेक्टर ने सभी तहसीलों में प्रतिदिन एक हजार किसानों का पंजीयन का लक्ष्य दिया है। साथ ही पंजीयन पश्चात पटवारियों को अप्रूवल करने के निर्देश भी दिया हैं।

बैठक में कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत जिले में सटीक डाटा तैयार किया जा रहा है। कलेक्टर ने सर्वे कार्य को शीघ्र और सही तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि सही आंकड़े उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने जिन तहसीलों में कार्य शुरू नहीं हुआ है वहां सर्वे कार्य करने के निर्देश दिए हैं। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आने वाली सेवाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नागरिकों को तय समय-सीमा में सेवाएं प्रदान की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इनकी सतत समीक्षा होनी चाहिए। जिले में नक्शा अपडेटेशन की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी भू-अभिलेख डिजिटल रूप में अपडेट किए जाएं और इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जाए। कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द इनका निराकरण करें। उन्होंने खासतौर पर नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन जैसे मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आगामी होली और ईद पर्व को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसील स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए और सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। जुलूस की अनुमति देते समय डीजे जैसे ध्वनि विस्तारक यंत्रों को अनुमति नहीं देने, रूट के लिए पहले से रूट चार्ट निर्धारित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं का सतत अवलोकन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में नकल प्रकरणों को होने न दें। उन्होंने परीक्षा के दौरान विषय से संबंधित शिक्षकों की पर्यवेक्षक के रूप में ड्यूटी नहीं लगाने के सख्त निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावी तरीके से हो, ताकि जनता को अधिकतम लाभ मिल सके।

## नगर पालिका बागबाहरा में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल उपस्थित रही। इस मौके पर नगर पालिका बागबाहरा के सफाई दीदियों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पार्षदगण सविता दीवान पार्षद, देवेश साहू पार्षद वार्ड 02, प्रीति महेंद्र गुप्ता पार्षद वार्ड 05, मंता यादव पार्षद वार्ड 07, मेनका पोखराज साहू पार्षद वार्ड 08, मिथुन अमीर पार्षद वार्ड 09, थानूराम पांडे पार्षद वार्ड 10, रुपेश कुमार साहू पार्षद वार्ड 11, शिवा जगत पार्षद वार्ड 14, अनिता अजीत तांडी एवं शशि प्रताप सिंह, उपअभियंता व नगर पालिका के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए किया सम्मानित

**महासमुंद।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ शिक्षा परिवार के तत्वावधान में वार्षिक सम्मेलन व भव्य सम्मान समारोह का आयोजन 9 मार्च रविवार प्रातः 10 बजे भारतीय विश्वविद्यालय पोतिया रोड पुलगांव दुर्ग में किया गया। कार्यक्रम में महासमुंद जिले से शिक्षिका निहारिका चंद्राकर प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला दलदली रोड संकुल सोरिद एवं दुर्गा यादव सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला भलेसर संकुल डीएमएस ने भाग लिया। दोनों शिक्षिकाओं को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए शिक्षा सम्मान से सम्मानित किया गया।

# गायत्री शक्ति पीठ में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गायत्री शक्ति पीठ में गायत्री महिला मंडल एवं महिला पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ साधना कसार, अध्यक्षता हेमलता साहू राज्य सह प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ. रूखमणि साहू, डॉ. सीमा रानी प्रधान, लक्ष्मी साहू, सुषमा, लता साहू रहे।



अतिथियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली बहनों का सम्मान किया गया है। अहिल्या गुप्ता को 30 वर्षों से प्रतिदिन गायत्री गायत्री पीठ में यज्ञ संचालन करने के लिए सम्मान दिया गया। तारिणी चंद्राकर को समाज सेवा, फूलबासन को योग, मीना वर्मा, शुभ्रा वर्मा को राजनीति, सरोजनी नर्सिंग, कुमुदनी साव को चिकित्सालय, गंगा साहू को यश एवं संस्कार लक्ष्मी को गौ सेवा, गायत्री साहू को स्वछता एवं सरिता साहू को विशेष रूप से स्वावलंबन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में दीप यज्ञ एवं ध्यान साधना किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं को स्त्री सम्मान दिया गया। संगीत संचालन ब्रह्मावादिनी, कनेश्वरी निषाद, दुलारी चंद्राकर, निशा चंद्राकर, धनेश्वरी वर्मा, संजना नामदेव, प्रेमलता, नीतू साहू ने किया। ख़ेमिन साहू, मनोरमा साहू, कमला द्वारा दीप यज्ञ एवं आभार प्रकट किया गया। संचालन पूर्णिमा साहू ने किया। यह जानकारी समिति के रविकांत चंद्राकर ने दी है।

## बाल कैबिनेट प्रधानमंत्री छवि का मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भंवरपुर

बसना विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, बीआरसीसी डॉ पूर्णानंद मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शुक्ला, बद्री विशाल जोल्हे एवं लोकेश्वर सिंह कंवर के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति आहार अंतर्गत प्राथमिक शाला-करनापाली में बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री छवि साहू (कक्षा 5वीं) का 10 मार्च को हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया। संस्था प्रमुख डॉ गिरधारी साहू एवं डॉ वीरेंद्र कुमार कर ने मां भारती मां सरस्वती के तैल चित्र के पूजन व केक काटकर धूमधाम से मनाया और उन्हें जन्मदिन की अशेष शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उनके पालक दशोदा भुनेश्वर साहू द्वारा विद्यालय परिवार को आंशिक न्योता भोज के रूप में लड्डू, जलेबी एवं केला आदि दिया गया।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान इस बार विशेष रूप से देवार समुदाय की महिलाएं आमंत्रित किए गए। नारी शक्ति एक महान शक्ति है। नारी के अंदर छिपे दैवी शक्तियों एवं गुणों को राजयोग की शिक्षा के बल से बाहर निकाल कर घर समाज नगर शहर और पूरे विश्व को परिवर्तन किया जा सकता है। ऊपर वाले ने नारी के अन्दर एक अलग अलौकिक शक्ति भरी है। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि वार्ड नं 4 पार्षद राहुल आवडे, प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश सोनी, राखी सोनी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता मीना वर्मा एवं देवार डेरा मुखिया रेखा तांडी, ब्रम्हा कुमारी डोमेश्वरी कोमाखान, भाजपा नेता राधेश्याम साहू, ब्रह्माकुमारी सुषमा बहन उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों का पुष्प गुलदस्ते के साथ स्वागत किया गया। सभी अतिथियों ने नारी को कमजोर ना मानते हुए नारी शक्ति को सर्वोच्च शक्ति बताया, जो समाज के हर वर्ग हर क्षेत्र में अव्वल है। ब्रम्हा कुमारी डोमेश्वरी ने ने बताया कि दुनिया तो नारी को नर्क का द्वार समझतीं है, पर पिता परमात्मा ने धारी को स्वर्ग का द्वार मानते हुए उसे आगे बढ़ाया। विश्व की एकमात्र आध्यात्मिक संस्थान है, जिसे केवल माता और बहनें संचालन करती है। नारी को अपनी शक्तियों को पहचानना होगा। सभी अतिथियों एवं श्रोताओं ने आज के दिन अपने संकल्पों को श्रेष्ठ और महान बनाने की प्रतिज्ञा ली। ब्रह्माकुमारी सुषमा ने ध्यान राजयोग के माध्यम से कुछ सकारात्मक और शक्तिशाली विचारों के द्वारा मन को शक्तिशाली बनाने का तरिका सिखलाया। सभी श्रोताओं को ईश्वरीय सौगात और ईश्वरीय प्रसाद वितरण किए।

# देवांगन समाज की कामकाजी महिलाओं को किया गया सम्मानित, हुईं खेल स्पर्धाएं भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर देवांगन महिला मंडल ने परमेश्वरी भवन इमलीभाठा में बड़े ही उल्लास के साथ महिला दिवस मनाया। माता परमेश्वरी की पूजा अर्चना के साथ ही कार्यक्रम आरंभ हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस नेत्री लक्ष्मी केशर देवांगन तथा त्रिवेणी देवांगन मुख्य अतिथि, सेवानिवृत्त शिक्षिका कुंती देवांगन एवं साधना देवांगन विशेष अतिथि के रूप में मंचस्थ थी। रुपवती देवांगन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए लक्ष्मी केशर ने कहा कि हम महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। कुंती देवांगन ने महिलाओं के आत्मनिर्भरता पर जोर दिया। संध्या देवांगन ने भजन प्रस्तुत किया। आराधना देवांगन ने महिला दिवस पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर महिलाओं ने आयोजित बलून गेम, मोमबत्ती गेम, मटका फोड़ और कुर्सी दौड़ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी विजेताओं को आकर्षक उपहार भी प्रदान किया गया। आकर्षक गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में समाज की कामकाजी महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिनमें क्रमशः त्रिवेणी देवांगन पटवारी, दामिनी देवांगन सहायक शिक्षिका, योगेश्वरी देवांगन व्यवसायी, उर्वशी देवांगन ट्यूटर, लीना देवांगन बुटीक, लता देवांगन टेलर, गीता देवांगन क्लर्क (जनपद पंचायत), राधा देवांगन प्यून (बैंक), अनिता देवांगन प्रधानपाठक आदि शामिल थीं। कार्यक्रम में देवांगन समाज के इकलौते नवनिर्वाचित पार्षद जय देवांगन का भी सम्मान किया गया। नगर महिला मंडल की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनीता, उपाध्यक्ष डॉ गोविना, सचिव जानकी, कोषाध्यक्ष नीतू, सहसचिव तनु के साथ ही सदस्य संध्या, आराधना, रुपाली, कामिनी, दीप्ति, देवकी, लता देवकुमार, पुष्पा, लता पुष्पा सेवन गीतांजलि, धनिषा, सावित्री उपस्थित रहे। पूर्व अध्यक्ष तृप्ति देवांगन ने आभार प्रकट एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ अन्नपूर्णा देवांगन ने किया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport